PGCBHT/PGCMHT

00302

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2014

एम.टी.टी.-001 : भारतीय भाषाओं में अनुवाद

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. भाषा परिवार की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए भारत के भाषा परिवारों की चर्चा कीजिए । *20*

2. बहुभाषिकता किसे कहते हैं ? बहुभाषिकता के हानि-लाभ को लेकर की गई बहस का संक्षिप्त परिचय दीजिए । *20*

3. भाषा, समाज और संस्कृति के बीच सम्बन्ध बताते हुए यह बताइए कि एक भारतीय भाषा से दूसरी भारतीय भाषा में अनुवाद करना विदेशी भाषा से अनुवाद की तुलना में क्यों सहज होता है । *20*

4. बहुभाषी समाज में अनुवाद की ज़रूरत किन-किन क्षेत्रों में पड़ती है ? *20*

5. देवनागरी लिपि की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताइए कि परिवर्धित देवनागरी लिपि की क्या उपयोगिता है । *20*

6. वाक्य के प्रमुख लक्षण बताते हुए भारतीय भाषाओं की वाक्य रचना की समानता-असमानता पर प्रकाश डालिए । *20*

7. अनुवाद हमारे लिए सम्प्रेषण को व्यापक बनाता है । अपनी बात को अन्य भाषा में कहने की इस प्रक्रिया में दो भाषाएँ क्या भूमिका अदा करती हैं ? *20*

8. भाषिक प्रक्रिया के रूप में अनुवाद कितने प्रकार का होता है ? सोदाहरण उत्तर दीजिए । *20*

9. अनुवाद की प्रक्रिया में भाषिक आदान-प्रदान के साथ-साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी होता है । सामाजिक-सांस्कृतिक पुनः सृजन किस तरह की समस्याएँ पैदा करता है ? सोदाहरण उत्तर दीजिए । *20*

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणी लिखिए : *2×10=20*

(क) मशीनी अनुवाद

(ख) आशु अनुवाद की उपयोगिता

(ग) ऑनलाइन शब्दकोश

(घ) संस्कृत और भारतीय भाषाएँ